Regarding paper leak in NEET and NET Examinations-laid

श्री राहुल कस्वां (चुरू) : देश में सबसे चिन्ता का विषय यह है कि एनटीए द्वारा आयोजित नीट एंव नेट परीक्षा का पेपर लीक का प्रकरण देश के लिए बहुत ही संवेदनशील मामला है । हाल ही में आयोजित नीट परीक्षा में सम्मिलित 2406079 छात्र/छात्राओं का भविष्य अंधकार में है । सरकार हर क्षेत्र में पारदर्शिता/ट्रांसपेरेन्सी की बात कर रही है, जबकि देश में स्वास्थ्य एंव शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण स्तम्भ ही कमजोर हो जायेगें, इस स्थिति में देश वर्ष 2047 तक कैसे विकशित राष्ट्र बन पायेगा । आज देश को अपनी परीक्षा आयोजित करने वाली एनटीए जैसी महत्वपूर्ण एजेन्सियों की कमियों को दूर करने तथा परीक्षा व परिणाम दोनों में पारदर्शिता की सख्त आवश्यकता है, जिससे देश के युवा छात्र/छात्राओं का विश्वास कायम हो सके एंव इनका भविष्य सुरक्षित हो सके ।